माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई-मेल : mpbse @ mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in

☎ : कार्या:- (0755) 2551650, फैक्स - (0755) 2552061

क्रमांक/3425/प.स./2024 भोपाल दिनांक 26/04/2024

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त, मान्यता प्राप्त संस्थायें/अग्रेषण संस्थायें
मध्यप्रदेश।

विषय:- वर्ष 2024 की हायर सेकण्डरी/हाईस्कूल पूरक परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

--//--

वर्ष 2024 की हायर सेकण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र दिनांक 01 मई 2024 से हायरसेकण्डरी परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व एवं हाईस्कूल परीक्षा हेतु विषयवार परीक्षा प्रारंभ दिनांक के एक दिन पूर्व तक भरे जा सकेंगे।

मण्डल द्वारा इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में बेस्ट फाईव योजना के अन्तर्गत परीक्षा परिणाम को घोषित किया गया है, बेस्ट फाइव पद्धति के तहत् यदि छात्र एक विषय में अनुत्तीर्ण होता है और उसका परीक्षा परिणाम उत्तीर्ण घोषित किया गया है, ऐसी स्थिति में यदि छात्र अनुत्तीर्ण विषय की पूरक परीक्षा देना चाहे, तो उसी सत्र की पूरक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। ऐसे छात्र दिनांक 01 मई 2024 से 20 मई 2024 तक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन भर सकेंगे। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात दिनांक 07.06.2024 तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे।

<u>पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन भरने हेतु निम्न प्रक्रिया निर्धारित की गई है:-</u>

1 पूरक पात्र छात्र स्वयं एम पी ऑनलाईन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर पूरक के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें। जो छात्र स्वयं कियोस्क में जाकर पूरक परीक्षा हेतु आवेदन नहीं करना चाहते वह अपनी शिक्षण संस्था में नियमित छात्र जिसमें वह अध्ययनरत् थे, तथा स्वाध्यायी छात्र मुख्य परीक्षा हेतु उनके आवेदन पत्र अग्रेषण करने वाली संस्था में पूरक परीक्षा के आवेदन हेतु प्राचार्य (संस्था प्रमुख) को अपने नाम, अनुक्रमांक तथा पूरक के विषय की जानकारी भरने के साथ परीक्षा शुल्क जमा करा सकते है। संस्था प्रमुख इस प्रकार से आवेदन करने वाले छात्रों को उनके शुल्क जमा की रसीद देंगे तथा निर्धारित तिथि के पूर्व ऐसे समस्त छात्रों का निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल चार्ज ₹25/- एवं उनके पूरक से संबंधित जानकारी सहित कियोस्क में जाकर ऑनलाईन आवेदन भरेंगे। निर्धारित समय सीमा में उक्त कार्यवाही करने के लिये संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होगें।

2. हायर सेकण्डरी परीक्षा में केवल एक विषय तथा हाईस्कूल परीक्षा में दो विषयों में अनुत्तीर्ण छात्रों को ही पूरक की पात्रता प्रदान की गई है। हायर सेकेण्डरी के समस्त विषयों की पूरक परीक्षा सोमवार दिनांक 08 जून 2024 तथा हाईस्कूल पूरक परीक्षा दिनांक 10 जून 2024 से 20 जून 2024 को प्रातः 08.00 से 11.00 बजे के मध्य निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी।

3. हायर सेकण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के ऐसे विषयों में जिनमें प्रायोगिक परीक्षा का प्रावधान है, सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक भाग जिनमें छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं, उस भाग में ही परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। यदि कोई छात्र केवल प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है, तो उसे सैद्धांतिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी प्रकार से यदि कोई छात्र केवल सैद्धांतिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है तो उसे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है।

4. पूरक उत्तीर्ण छात्रों एवं माईग्रेशन (हायरसेकेण्डरी) का प्रेषण समन्वयक संस्था के माध्यम से छात्रों की संबंधित शाला में किया जावेगा। पूरक पात्र छात्रों की अंकसूचीयाँ पूरक परीक्षा के परिणाम आने के पश्चात् ही जारी की जायेगी।

5. पूरक पात्र छात्रों को आवेदन पत्र भरने हेतु शुल्क का विवरण निम्नानुसार है :-

स.क्र.	विवरण	शुल्क
1	प्रति विषय परीक्षा शुल्क (हायर सेकण्डरी/हाईस्कूल) नियमित/स्वाध्यायी	₹ 500/-
2	ऑनलाईन (KIOSK) संचालक को देय शुल्क (उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त)	₹ 25/-

6. वर्ष 2024 की पूरक परीक्षा में किसी छात्र को बिना ऑनलाइन आवेदन भरे परीक्षा मे सम्मिलित नही कराया जावेगा। यदि कोई छात्र बिना परीक्षा आवेदन भरे परीक्षा में सम्मिलित होता है, तो उसकी परीक्षा निरस्त की जावेगी।

पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 01 जून 2024 से ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त किये जा सकेगें।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/3426/प.स./2024
भोपाल दिनांक 26/04/2024

प्रतिलिपि :-

1 आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश भोपाल।
2 समस्त, कलेक्टर मध्यप्रदेश।
3 समस्त, संयुक्त संचालक शिक्षा मध्यप्रदेश।
4 समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश।
5 सी. एस. ओ/पंजीयक परीक्षा/डाटा/जनसंपर्क अधिकारी/विधि अधिकारी, मा.शि.म.भोपाल म.प्र.।
6 आंचलिक/समस्त संभागीय अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
7 निज सचिव-अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सचिव/अति. सचिव/उप सचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्तीय सलाहकार
8 समस्त सहायक सचिव/समकक्ष अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश।
9 समस्त कक्षाधिकारी/लोक सूचना/सुरक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश।
10 समस्त केन्द्राध्यक्ष पूरक परीक्षा वर्ष 2024 म.प्र.।
11 संचालक, एम.पी. ऑनलाईन मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल